(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः vidyabhartibpl@gmail.com

www.vidyabhartimp.org

पंजीयन क्र.-17195

पत्र क्रमांकः 340/2021 दिनांक-02/09/2021

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य,

सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर/उ.मा.वि.

मध्यभारत प्रान्त।

विषयः त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (परीक्षा) आयोजन विषयक।

आदरणीय बन्धु/भगिनी,

सादर नमस्कार।

उपरोक्त विषय में लेख है कि विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त में समस्त विद्यालय कक्षा 6 से 12वीं तक प्रत्यक्ष संचालित हो रहे है एवं कक्षा शिशु से पंचमी तक के भैया-बहिनों का अध्यापन कार्य मोहल्ला पाठशालाओं एवं ऑनलाईन किया जा रहा है। समस्त कक्षाओं का पाठ्यक्रम प्रान्त द्वारा विद्यालयों की मेल आई डी पर भेजा जा चुका है।

भैया-बहिनों की त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक मूल्यांकन प्रान्त द्वारा निर्धारित समय-सीमा में आयोजित होना है। त्रैमासिक मूल्यांकन सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में एवं अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित करना प्रस्तावित है।

त्रैमासिक मूल्यांकन कक्षा 6 से 12वीं तक विद्यालय स्तर पर प्रत्यक्ष आयोजित होगा। कक्षा शिशु से पंचमी तक का मूल्यांकन कार्य घर से ही गत वर्ष की भाँति आयोजित करें जिसमें उत्तर पुस्तिका एवं प्रश्नपत्र विद्यालय से प्रतिदिन उपलब्ध करा कर मूल्यांकन कार्य को सम्पन्न करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें ऐसी अपेक्षा है।

आलोकः- त्रैमासिक मूल्यांकन (परीक्षा) का समयचक्र शीघ्र ही प्रान्त द्वारा आपकी ओर भेजा जायेगा।

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. मा. अध्यक्ष/संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री/ प्रान्त प्रमुख महोदय, मध्यभारत प्रान्त।
2. समस्त विभाग समन्वयक महोदय, मध्यभारत प्रान्त को सूचनार्थ।

E:\Patil July-pariksha 20-21